# झारखण्ड शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद्, राँची , झारखण्ड

## द्वितीय सावधिक परीक्षा - (2021-2022)

**मॉडल प्रश्न पत्र** **सेट-1**

| कक्षा-9 | **विषय — हिन्दी -'बी'** | **समय- 1 घंटा 30 मिनट** | **पूर्णांक- 40** |
|---|---|---|---|

सामान्य निर्देश :-

- परीक्षार्थी यथासंभव अपनी ही भाषा-शैली में उत्तर दें।
- इस प्रश्न-पत्र के चार खंड हैं। सभी खंड के प्रश्नों का उत्तर देना अनिवार्य है।
- सभी प्रश्न के लिए निर्धारित अंक उसके सामने उपांत में अंकित है।
- प्रश्नों के उत्तर उसके साथ दिए निर्देशों के आलोक में ही लिखें।
- 2 अंक के प्रश्नों के उत्तर लगभग 20 शब्दों में, 3 अंक के प्रश्नों के उत्तर लगभग 50 शब्दों में, 5 अंक के प्रश्नों के उत्तर लगभग 100 शब्दों में और 7 अंक के प्रश्नों के उत्तर लगभग 150 शब्दों में लिखें |

**खंड-क (अपठित बोध)**

नीचे दिए गए गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए - 3x2 = 6

बचपन में ही मैंने सुना था, "खेलोगे, कूदोगे होगे खराब" । कुछ लोग आज भी सोचते हैं कि खेलने-कूदने से समय नष्ट होता है, स्वास्थ्य बनाने के लिए व्यायाम ही काफी है। परन्तु यह विचार ठीक नहीं है। खेलने से स्वास्थ्य तो बनता ही है, साथ-साथ मनुष्य कुछ ऐसे गुण भी सीखता है जिनका जीवन में विशेष महत्व है और जो व्यायाम से नहीं प्राप्त हो सकते । सहयोग से काम करना, विजय मिलने पर अभिमान न करना और हारने पर साहस न छोड़ना आदि गुण खेलों से सीखे जा सकते हैं। लोग सफलता न पाने पर साहस छोड़ देते हैं और दोबारा प्रयास नहीं करते। परन्तु अच्छा खिलाड़ी हारने के बाद भी प्रयास करता है ताकि वह फिर से जीत सके।

प्रश्न- 1- कुछ लोग आज भी खेल के बारे में क्या सोचते हैं?

प्रश्न 2. खेल-कूद से मनुष्य क्या-क्या सीख सकता है ?

प्रश्न 3. अच्छा खिलाड़ी किसे कहते हैं ?

**खंड-ख (व्याकरण)**

निर्देशानुसार उत्तर दीजिए - 2x2 = 4

प्रश्न 4. 'यथाशक्ति' का समास विग्रह करें और भेद का नाम लिखें।

अथवा

'धनहीन' का समास विग्रह करें और भेद का नाम लिखें |

प्रश्न 5. दिए गए अशुद्ध वाक्य को शुद्ध करके लिखें-

मैं आपका दर्शन करने आया हूँ।

अथवा

शुद्ध गाय की घी लाओ ।

**खंड-ग (पाठ्य पुस्तक)**

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए - 6x3 = 18

प्रश्न 6. 'गीत- अगीत' कविता के केन्द्रीय भाव को लिखिए।

प्रश्न 7. 'नए इलाके में' शीर्षक कविता में कौन-कौन से पुराने निशानों का उल्लेख किया गया है ?

प्रश्न 8. व्याख्या करें -

रहिमन धागा प्रेम का मत तोड़ो चटकाय |
टूटे से फिर ना मिले, मिले गाँठ परि जाए |

अथवा

मोती, मानुष और चून के संदर्भ में पानी के महत्व को स्पष्ट कीजिए |

प्रश्न 9. 'धर्म की आड़' पाठ के आधार पर महात्मा गांधी के धर्म संबंधी विचारों पर प्रकाश डालिए।

अथवा

सर चंद्रशेखर वेंकट रामन के जीवन से प्राप्त होने वाले संदेश को अपने शब्दों में लिखिए |

प्रश्न 10. गिलहरी के घायल बच्चे का उपचार किस प्रकार किया गया ?

प्रश्न 11. हामिद खाँ ने खाने का पैसा लेने से इंकार क्यों किया ?

**खंड घ (रचना)**

प्रश्न: 12. अपने छोटे भाई को नियमित अध्ययन पर बल देते हुए पत्र लिखिए | 1x5 = 5

अथवा

अपनी वार्षिक परीक्षा की तैयारी का वर्णन करते हुए पिताजी को पत्र लिखिए ।

प्रश्न- 13. दिए गए संकेत बिंदु के आधार पर निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर निबंध लिखिए | (अधिकतम 150 शब्द) 1x7 = 7

मेरा भारत महान

(संकेत बिन्दु- प्रस्तावना, प्राकृतिक बनावट, इतिहास, धार्मिक सहिष्णुता एवं सौहार्द, उपसंहार)

अथवा

अनुशासन का महत्व

(संकेत बिंदु- भूमिका, अर्थ, आवश्यकता, महत्व, प्रभाव,उपसंहार)

अथवा

पर्यावरण प्रदूषण

(संकेत बिंदु - भूमिका, कारण, प्रभाव, उपाय, उपसंहार)